कमल संदेश
वर्ष 1, अंक 20 नई दिल्ली
15 मई 2020 (सायं 5 बजे)
दैनिक बुलेटिन
www.kamalsandesh.org

प्रधानमंत्री मोदी ने बिल गेट्स से बातचीत की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष श्री बिल गेट्स से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत की। दोनों महत्वपूर्ण हस्तियों ने कोविड-19 के संबंध में वैश्विक स्तर पर उठाए जा रहे कदमों और इस महामारी से निपटने के लिए वैज्ञानिक नवाचारों तथा अनुसंधान एवं विकास के संबंध में वैश्विक तालमेल के महत्व के बारे में चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने इस स्वास्थ्य संकट के खिलाफ जंग में भारत की ओर से अपनाए गए सतर्क दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो उपयुक्त संदेश के माध्यम से जनता को साथ जोड़ना सुनिश्चित करने पर आधारित है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इस लोक-केंद्रित, नीचे से ऊपर के (बॉटम-अप) दृष्टिकोण ने शारीरिक दूरी या फिजिकल डिस्टेंसिंग को स्वीकृति दिलाने, फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान, मास्क पहनने, उचित स्वच्छता रखने तथा लॉकडाउन के प्रावधानों का सम्मान कराने में सहायता की।

पीएम केयर्स फंड में से 3100 करोड़ रुपए वेन्टीलेटर्स खरीदने, वैक्सीन डेवलप करने और प्रवासी मजदूरों पर खर्च किए जाएंगे : जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक के बाद एक कई बैठकें कर भाजपा के पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और निर्वाचित प्रतिनिधिगण से सीधा संवाद कर रहे हैं। अपने संबोधन में वे कहते हैं कि हमारा संकल्प त्याग और समर्पण भाव के साथ जन-सेवा का होना चाहिए। इस समय यही हमारा धर्म भी है और कर्तव्य भी।

- इसी क्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 14 मई को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाजपा के गोवा, महाराष्ट्र एवं दमन-दीव के महापौर के साथ कोविड-19 को लेकर चर्चा की।
- श्री नड्डा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम केयर्स फंड में से 3100 करोड़ रुपए जारी किए गए जो वेन्टीलेटर्स खरीदने, वैक्सीन डेवलप करने और प्रवासी मजदूरों पर खर्च किए जाएंगे।

कोविड-19 पर अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE

- देश में 500 से अधिक प्रयोगशालाओं में कोविड-19 के लिए लगभग 20 लाख परीक्षण कर लिए हैं।
- आज, पिछले तीन दिनों में मामलों के दोगुना होने का समय घटकर 13.9 दिनों पर आ गया है, जबकि पिछले 14 दिनों के दौरान मामलों के दोगुना होने का समय 11.1 दिन था।
- मृत्यु दर 3.2 प्रतिशत है तथा स्वस्थ होने की दर में और सुधार आया है और आज यह 33.6 प्रतिशत (कल यह 32.83 प्रतिशत थी) है। (कल तक) आईसीयू में 3 प्रतिशत सक्रिय कोविड-19 मरीज हैं, वेंटिलेटर पर 0.39 प्रतिशत और 2.7 प्रतिशत आक्सीजन के सपोर्ट पर हैं।
- पिछले 24 घंटों में 14 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।
- 14 मई, 2020 तक, देश में कुल 78,003 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 26,235 व्यक्ति स्वस्थ हो चुके हैं तथा 2,549 लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं।
- पिछले 24 घंटों के दौरान, 3,722 नए पुष्ट मामले सामने आए हैं। (14 मई को जारी)

वित्त मंत्री ने प्रवासियों, किसानों, छोटे कारोबारियों और रेहड़ी-पटरी वालों सहित गरीबों की सहायता के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों की घोषणा की

- प्रवासियों को दो माह तक मुफ्त अनाज
- प्रौद्योगिकी प्रणाली का उपयोग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रवासी श्रमिक मार्च 2021 तक देशभर में उचित मूल्य की किसी भी दुकान से राशन (पीडीएस) प्राप्त कर सकें – एक राष्ट्र एक राशन कार्ड
- प्रवासी श्रमिकों और शहरी गरीबों के लिए किफायती किराया आवास परिसरों के लिए योजना शुरू की जाएगी
- 'शिशु मुद्रा' के तहत कर्ज लेने वालों के लिए 12 माह तक 2 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी – 1500 करोड़ रुपये की राहत
- रेहड़ी-पटरी वालों (स्ट्रीट वेंडर) के लिए 5000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा
- पीएमएवाई (शहरी) के तहत एमआईजी के लिए ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना के विस्तार के जरिए आवास सेक्टर और मध्यम आय वर्ग को 70,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन
- कैम्पा फंड का उपयोग कर रोजगार सृजन के लिए 6,000 करोड़ रुपये
- नाबार्ड के जरिए किसानों के लिए 30,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आपातकालीन कार्यशील पूंजी• किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 2.5 करोड़ किसानों को 2 लाख करोड़ रुपये के रियायती ऋण का प्रोत्साहन

सीओबीएएस 6800 मशीन राष्ट्र को समर्पित

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) का दौरा किया और सीओबीएएस 6800 मशीन राष्ट्र को समर्पित की। यह ऐसी पहली जांच मशीन है जिसे सरकार ने कोविड-19 के मामलों की जांच के लिए खरीदा है और इसे राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र में संस्थापित किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने नियंत्रण कक्ष और परीक्षण प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया और एनसीडीसी के निदेशक डॉ. एस. के. सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोविड-19 जांच की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। जांच क्षमताओं में तेजी लाने में अर्जित उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए डा. हर्ष वर्धन ने कहा, 'अब हमने प्रति दिन 1,00,000 जांच करने की क्षमता विकसित कर ली है। आज का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि का दिन है क्योंकि आज हमने देश में 359 सरकारी प्रयोगशालाओं एवं 145 निजी प्रयोगशालाओं सहित 500 से अधिक प्रयोगशालाओं में कोविड-19 के लिए 20 लाख परीक्षण कर लिए हैं।'

भारतीय रेलवे ने ‘श्रमिक स्पेशल’ ट्रेनों के जरिये 10 लाख से अधिक यात्रियों को उनके गृह राज्यों में पहुंचाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

14 मई 2020 तक देशभर के विभिन्न राज्यों से कुल 800 ‘श्रमिक स्पेशल’ ट्रेनें चलाई गईं। 10 लाख से अधिक यात्री अपने गृह राज्य पहुंच चुके हैं। यात्रियों को भेजने वाले और उन्हें अपने यहां लेने वाले राज्य की सहमति के बाद ही रेलवे द्वारा ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

- इन 800 ट्रेनों को विभिन्न राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में समाप्त कर दिया गया था।
- ट्रेन में चढ़ने से पहले यात्रियों की उचित जांच सुनिश्चित की जाती है। यात्रा के दौरान यात्रियों को मुफ्त भोजन और पानी दिया जाता है।
- विभिन्न स्थानों पर पलायन करके गए फंसे श्रमिकों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य व्यक्तियों की आवाजाही के संबंध में गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भारतीय रेलवे ने ‘श्रमिक स्पेशल’ ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया।

एनआईपीआर कोविड-19 के खिलाफ अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहा है

कोविड-19 की पहचान, और उपचार की दिशा में, विभिन्न राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीआर) द्वारा बहुआयामी शोध प्रस्ताव अनुमोदन के लिए संबंधित एजेंसियों को प्रस्तुत किए गए हैं।

- इन प्रस्तावों के प्रमुख विषयों में एनआईपीआर(मोहाली) द्वारा एंटीवायरल एजेंट को लक्षित करने वाले प्रोटीज का डिज़ाइन, एनआईपीआर (मोहाली और रायबरेली) द्वारा दवा को अन्यप तरीके से उपयोग करने के बारे में कम्प्यूटेशनल रूप से निर्देशित एफडीए द्वारा अनुमोदित दवा-डेटाबेस, (एनआईपीईआर, मोहाली) द्वारा ड्रग रूपांतरण के लिए रिमेडसविर का विश्लेषण, (एनआईपीईआर-हैदराबाद) द्वारा कोविड-19 के मरीजों के लिए क्वांटम-डॉट और चालकता आधारित बायोसेंसर विकसित करने तथा (एनआईपीईआर-अहमदाबाद) द्वारा कोविड-19 के कारण पड़ने वाले दिल के दौरे को नियंत्रित करने के लिए एक दिलचस्प अध्ययन जैसे विषय शामिल हैं।
- इसके साथ ही एनआईपीईआर रायबरेली ने पारंपरिक रूप से उपयोग में लाई जाने वाली जड़ी बूटियों का उपयोग करके नए इम्युनो-बूस्टर फॉर्मुलेशन के विकास में आईआईटी और एक अन्य औद्योगिक साझेदार के साथ एक मेगा परियोजना शुरू की है।

twitter

@narendramodi

कोविड-19 महामारी के बारे में प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडेरिकसेन से बात की और इस पर भी चर्चा की कि कैसे भारत और डेनमार्क कोविड युग के बाद सहयोग को मजबूत कर सकते हैं। चिकित्सा अनुसंधान, स्वच्छ ऊर्जा और climate resilience जैसे क्षेत्र डेनमार्क और भारतीय शक्तियों को ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप बनाने के लिए एक साथ काम करने हेतु महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

@jpnadda

इन संकटों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व द्वारा निर्देशन आशा और आश्वासन देता है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विशेषज्ञ अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए भारत के प्रोत्साहन पैकेज को प्रभावशाली और उपयोगी मानते हुए इसकी प्रशंसा करते हैं।

@rajnathsingh

मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय तट रक्षा के जहाज जिसका आज जलावतरण हुआ है वे समुद्री आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, तस्करी और समुद्री कानून प्रवर्तन की चुनौतियों और संकट में नाविकों की खोज और बचाव करने में अपनी शक्ति बढ़ाएंगे।

आर्थिक योगदान हेतु अपील

खाता का नाम :
PM CARES
खाता संख्या :
2121PM20202
IFSC कोड :
SBIN0000691
Swift कोड :
SBININBB104
बैंक शाखा :
भारतीय स्टेट बैंक
नई दिल्ली मुख्य शाखा

Donate Now

Aarogya Setu
मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

Download

COVID-19 INDIA

as on : 15 May 2020, 17:00 GMT+5:30

51401	27919	2649	1
Active Cases	Cured / Discharged	Deaths	Migrated

संपादकीय

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज के क्रियान्वयन के क्रम में दूसरे भाग की घोषणा करते हुए केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 14 मई 2020 को प्रवासियों, किसानों, छोटे कारोबारियों और स्ट्रीट वेंडरों सहित गरीबों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के माध्यम से भारी राहत दी है।
प्रत्येक प्रवासी श्रमिक को आने वाले दो महीनों तक नि:शुल्क 5 किलोग्राम खाद्यान्न और प्रति परिवार 1 किलोग्राम चना के आवंटन की घोषणा से इस वर्ग को बड़ी राहत पहुंची है। यह घोषणा उन लोगों के लिए भी है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में नहीं आते अथवा जिनके पास राशन कार्ड नहीं है। साथ ही, राशन कार्डों की पोर्टेबिलिटी योजना के द्वारा 23 राज्यों के 67 करोड़ लाभार्थियों यानी 83 प्रतिशत पीडीएस जनसँख्या को इसके दायरे में लाया गया है। सरकार सस्ते किराए पर रहने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक योजना के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों, शहरी गरीबों और छात्रों आदि को सामाजिक सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करेगी। सरकार मुद्रा शिशु ऋण लेने वालों में शीघ्र भुगतान करने वालों को 12 महीने की अवधि के लिए 2 फीसदी का ब्याज उपदान प्रदान करेगी, जिससे लगभग 1,500 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। साथ ही, 50 लाख स्ट्रीट वेंडरों को 5,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा उपलब्ध करेगी जिससे वे पुनः अपना कारोबार शुरू कर सकेंगे। पीएमएवाई (शहरी) के तहत एमआईजी के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना के विस्तार के माध्यम से आवासन क्षेत्र और मध्यम आय समूह को 70,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 2.5 करोड़ किसानों को 2 लाख करोड़ रुपये का आसान ऋण तथा फसल ऋण आवश्यकता को पूरा करने के लिए नाबार्ड 30,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पुनर्वित्तीयन सहायता से कृषि क्षेत्र को भारी राहत मिलेगी।
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के आह्वान के अंतर्गत हुए इन घोषणाओं से प्रवासी श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडरों, प्रवासी शहरी गरीबों, छोटे व्यापारियों, स्व-रोजगार करने वाले, छोटे किसानों और आवास सेक्टर को भारी राहत मिली है जिससे आने वाले दिनों में देश की अर्थव्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ होकर उभरेगी।

- shivshaktibakshi@kamalsandesh.org

कमल संदेश

संपादक: प्रभात झा, **कार्यकारी संपादक:** डॉ. शिव शक्ति बक्सी

सह संपादक: संजीव कुमार सिन्हा, राम नयन सिंह

कला संपादक: विकास सैनी, भोला राय

डिजिटल मीडिया: राजीव कुमार, विपुल शर्मा

सदस्यता एवं वितरण: सतीश कुमार

दूरभाष : 011-23381428 ई-मेल : mail.kamalsandesh@gmail.com